महोबा पुलिस

दिनांक- 28.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 107/26

जनपद महोबा में शांति, सौहार्द एवं कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच ईद-उल-जुहा (बकरीद) की नमाज सकुशल सम्पन्न, पुलिस-प्रशासन रहा पूरी तरह मुस्तैद...।

आज दिनांक 28.05.2026 को जनपद महोबा में ईद-उल-जुहा (बकरीद) की नमाज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में सम्पन्न हुई। इस अवसर पर जिलाधिकारी महोबा श्रीमती गजल भारद्वाज एवं पुलिस अधीक्षक महोबा श्री शशांक सिंह द्वारा प्रशासनिक एवं पुलिस अधिकारियों की टीम के साथ थाना कोतवाली क्षेत्रान्तर्गत स्थित ईदगाह पहुँचकर व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया गया तथा नमाज को सकुशल सम्पन्न कराया गया।

इस दौरान अपर जिलाधिकारी श्री कुंवर पंकज एवं अपर पुलिस अधीक्षक श्रीमती वंदना सिंह सहित अन्य अधिकारीगण भी उपस्थित रहे। वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा धर्मगुरुओं एवं आमजन से भेंट कर उन्हें ईद की मुबारकबाद दी गई तथा आपसी भाईचारे एवं सद्भाव के साथ पर्व मनाने का संदेश दिया गया।

जनपद के समस्त थाना क्षेत्रों में राजपत्रित अधिकारियों के नेतृत्व में ईदगाहों, मस्जिदों एवं अन्य संवेदनशील स्थलों पर पर्याप्त पुलिस बल, पीएसी एवं दंगा नियंत्रण उपकरणों की तैनाती सुनिश्चित की गई। सभी क्षेत्राधिकारी एवं थाना प्रभारी अपने-अपने क्षेत्रों में सतत भ्रमणशील रहकर सुरक्षा एवं व्यवस्था बनाए रखते हुए नमाज को शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराते रहे।

नमाज उपरांत मुस्लिम धर्मगुरुओं, गणमान्य नागरिकों, बुजुर्गों, एवं विशेष रूप से बच्चों को बकरीद की शुभकामनाएं दी गई। इस दौरान सभी नागरिकों से शांति, सौहार्द एवं आपसी सद्भाव बनाए रखने की अपील की गई तथा जनपद में सौहार्दपूर्ण वातावरण बनाए रखने हेतु सहयोग के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

महोबा पुलिस जनपद में कानून-व्यवस्था सुदृढ़ बनाए रखने, शांति एवं साम्प्रदायिक सौहार्द कायम रखने तथा प्रत्येक नागरिक की सुरक्षा सुनिश्चित करने हेतु पूर्णतः प्रतिबद्ध है।

महोबा पुलिस

दिनांक- 28.05.2026

प्रेस विज्ञप्ति संख्या- 108/26

सर्किल - कुलपहाड़, थाना - पनवाड़ी

थाना पनवाड़ी पुलिस टीम ने 01 नफर वांछित अभियुक्त को किया गिरफ्तार।

पुलिस अधीक्षक महोबा, श्री शशांक सिंह के निर्देशन में जनपद महोबा में अपराध की रोकथाम हेतु आपराधिक घटनाओं में संलिप्त वांछित अभियुक्तों की चेकिंग एवं उनकी गिरफ्तारी/बरामदगी हेतु चलाये जा रहे अभियान के अनुपालन में आज दिनांक 28.05.2026 को अपर पुलिस अधीक्षक महोबा श्रीमती वंदना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी कुलपहाड़ श्री रविकान्त गोंड के निकट पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक थाना पनवाड़ी श्री बीरेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा गठित व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा मय हमराह हे0कां0 लालता प्रसाद, कां0 जयनारायन, कां0 अरुण कुमार व हे0कां0 बलजीत सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम द्वारा थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 52/26 धारा 326(g)/352/351(3) BNS व 3(1)द,ध,3(2)5,3(2)5क SC/ST Act से सम्बन्धित 01 नफर वांछित अभियुक्त अरविन्द कुमार अहिरवार पुत्र झक्की लाल उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम घाट लहचूरा थाना लहचूरा जनपद झाँसी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। बाद आवश्यक कार्यवाही अभियुक्त उपरोक्त को मा0 न्यायालय के समक्ष पेशी हेतु भेजा गया।

गिरफ्तार अभियुक्त –

अरविन्द कुमार अहिरवार पुत्र झक्की लाल उम्र करीब 26 वर्ष निवासी ग्राम घाट लहचूरा थाना लहचूरा जनपद झाँसी

गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम –

1. व0उ0नि0 महेन्द्र कुमार वर्मा
2. हे0कां0 लालता प्रसाद 3. हे0कां0 बलजीत सिंह
4. कां0 जयनारायन 5. कां0 अरुण कुमार